सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

# RECRUITMENT OF SPORTSPERSONS IN CLERICAL CADRE (AS CUSTOMER SERVICE ASSOCIATE) UNDER SPORTS QUOTA





# HR Awards



**ET NOW**

Best Organization for Women 2024








**SKOCH AWARDS**
**BFSI GOLD**

Strategic Digital HR Transformation 2023

**Marksmen Daily Awards**

Most Preferred Workplace for Women 2024-2025





सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India

## About Us

Established in 1911, Central Bank of India was the first Indian commercial bank which was wholly owned and managed by Indians. The establishment of the Bank was the ultimate realisation of the dream of Sir Sorabji Pochkhanawala, founder of the Bank.

## Our Vision & Mission

We believe in to be CENTRAL to the banking and financial needs of all and our mission is to provide Customer Centric Products and services by leveraging human resources and technology.

## Why Choose Us?

With over 110 years of legacy, Bank has significantly contributed in India's economic development and played a pivotal role in Nation building.The Bank strongly believes in employee development, employee-engagement and well-being of its employees.

**Career Progression Opportunities**
Explicit Promotion policies and mentorship programs to foster growth within the organization.

**Recognition and Rewards**
Employees are recognised for exceptional performance through awards and incentives programs through Central PRAISE.

**Travel and Leave Benefits**
Leave Travel Concessions are provided to travel within India, promoting relaxation and family bonding.

**Reimbursement of Expenses**
Allowances of mobile, newspaper & transportation allowance as per eligibility.

**Subsidized loans**
Special rates on housing and conveyance loan to employees as per eligibility.

**Maternity and Paternity leave**
Generous leave policies for new parents to ensure a supportive family environment.

**Wellness Benefits**
Banks offers comprehensive wellness programme including 24X7 tele-medical consultancy. and Employee Assistance Programme (EAP) for mental health support for its employees.

# खेल कोटा के तहत लिपिक संवर्ग में (ग्राहक सेवा सहयोगी) खिलाड़ियों की भर्ती

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (आगे बैंक के रूप में संदर्भित) राष्ट्र की सेवा में 114 वर्ष से कार्यरत सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है, जिसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है तथा इसकी स्थापना 1911 में हुई थी और यह पूरे भारत में अपनी उपस्थिति बनाए हुए है. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया पहला भारतीय वाणिज्यिक बैंक था जिसका पूर्ण स्वामित्व और प्रबंधन भारतीयों के पास था. बैंक की स्थापना बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानवाला के सपने का साकार रूप थी. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया खेल कोटा के तहत लिपिक संवर्ग में (ग्राहक सेवा सहयोगी) रिक्तियों को भरने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में लिपिक संवर्ग में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:**

## ❖ उल्लेखनीय बिन्दु:

1. ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी, जो खेल कोटा के तहत ग्राहक सेवा सहयोगी के रूप में लिपिक संवर्ग में खिलाड़ी के पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना की विषयवस्तु को ध्यान से पढ़ने और समझने के बाद ही आवेदन करें. आवेदन करने से पूर्व, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं.
2. नियुक्ति के समय, अभ्यर्थी को एक सक्रिय खिलाड़ी होना चाहिए (खेल योग्यता/उपलब्धियों की पात्र वैध अवधि 01.04.2022 से 31.01.2025 के बीच होनी चाहिए) और भविष्य के टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए पर्याप्त रूप से फिट होना चाहिए.
3. खिलाड़ियों की भर्ती अखिल भारतीय स्तर पर की जाएगी और चयनित अभ्यर्थियों को बैंक के एकमात्र विवेकाधिकार पर आवश्यकता पड़ने पर भारत में कहीं भी सेवा देने के लिए उत्तरदायी होना पड़ेगा.
4. स्थानांतरण नीति: बैंक भर्ती किए गए कर्मचारियों को सेवाओं की आवश्यकताओं के आधार पर सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के किसी भी कार्यालय में स्थानांतरित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. किसी विशिष्ट स्थान/कार्यालय में पदस्थापना/स्थानांतरण के अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा.
5. आवेदन जमा करने से पूर्व, अभ्यर्थी यह जांच लें कि उन्होंने फॉर्म की प्रत्येक फील्ड में सही विवरण भरा है. आवेदन फॉर्म के लिए विंडो समाप्त होने के बाद, किसी भी परिस्थिति में कोई परिवर्तन/सुधार/संशोधन की अनुमति नहीं होगी. इस संबंध में किसी भी रूप में जैसे पोस्ट, ईमेल आदि से प्राप्त अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा.
6. अभ्यर्थियों को बैंक की अधिकारिक वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा. शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि यानि दिनांक 08.03.2025 को या इससे पहले ऑनलाइन मोड के माध्यम से बैंक में शुल्क जमा करने पर ही पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी मानी जाएगी.
7. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अधिक जानकारी एवं अपडेट (अद्यतन) के लिए नियमित रूप से बैंक की अधिकारिक वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in देखें. भर्ती प्रक्रिया में किसी भी बदलाव/ अपडेट पर अलग से या व्यक्तिगत सूचना जारी नहीं की जाएगी. सभी बदलाव/अपडेट/संशोधन/शुद्धिपत्र/परिणाम केवल बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर ही डाले जाएंगे.
8. अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज/प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे, अन्यथा उनके आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा.
9. पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भर्ती के सभी चरणों में उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन पूरी तरह से अस्थायी रहेगा. अभ्यर्थी को केवल कॉल लेटर/ ई-एडमिट कार्ड जारी करने का मतलब यह नहीं होगा कि पद के लिए उनकी उम्मीदवारी अंतिम रूप से स्वीकार कर ली गई है. अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही मूल दस्तावेजों के संदर्भ में बैंक पात्रता शर्तों का सत्यापन करेगा.

10. **दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया के समय वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) सत्यापन के लिए प्रस्तुत नहीं किया जाता है तब तक बैंक उन खिलाड़ियों की भर्ती पर विचार नहीं करेगा जो पहले से ही किसी अन्य बैंक में कार्यरत हैं. अनापत्ति प्रमाणपत्र की दिनांक दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया की दिनांक या उससे पहले की होनी चाहिए.**
11. चयनित अभ्यर्थियों को बैंक में नियुक्ति तभी दी जाएगी, जब वे अन्य औपचारिकताएं जैसे प्रमाण पत्रों का सत्यापन, संदर्भदाताओं से संतोषजनक रिपोर्ट, चिकित्सा परीक्षण और पूर्ववृत्त का सत्यापन आदि पूरा कर लें.
12. खेलों में दक्षता/मेरिट से संबंधित प्रमाणपत्रों को सत्यापन प्रक्रिया के दौरान मूल दस्तावेजों के साथ मिलाया जाएगा और यह प्रमाणपत्र भारत सरकार या बैंक के खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए. प्रतिष्ठित खेल क्लबों की मात्र अनुशंसा का तब तक कोई महत्व नहीं होगा जब तक कि आवेदक निर्धारित प्रमाणन प्राधिकरणों से अपेक्षित प्रमाणपत्र प्रस्तुत न कर दें. बैंक द्वारा खेल प्रमाणपत्रों/उपलब्धियों को जारीकर्ता अधिकारियों से स्वतंत्र रूप से सत्यापित किया जाएगा और इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा.
13. आयु में छूट, शुल्क में छूट चाहने वाले अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी का अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा. अन्यथा, उनके दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है.
14. जिन अभ्यर्थियों के विरुद्ध चरित्र एवं पूर्ववृत्त, से संबंधित प्रतिकूल रिपोर्ट है या नैतिक भ्रष्टाचार के आरोप हैं, वे इस पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे.
15. बैंक बिना कोई कारण बताए अधिसूचित रिक्तियों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
16. बैंक किसी भी स्तर/समय पर, बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को पूर्णतः या आंशिक रूप से रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और इस स्थिति में बैंक आवेदन शुल्क वापस करने या कोई मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.
17. गलत जानकारी देने/तथ्यों को छिपाने वाले अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उनको भर्ती प्रक्रिया से वंचित किया जा सकता है और कानूनी/आपराधिक कार्रवाई भी की जा सकती है. धोखाधड़ी/छद्म पहचान का प्रयास करने वाले अभ्यर्थियों को बैंक द्वारा आयोजित भविष्य की भर्ती प्रक्रिया से प्रतिबंधित किया जा सकता है.
18. चयनित अभ्यर्थी बैंक में नियुक्ति की दिनांक से छह महीने की सक्रिय सेवा अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे और इसे सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उन्हें स्थायी कर दिया जाएगा. "यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि यदि परिवीक्षा अवधि के दौरान चयनित अभ्यर्थी का कार्यनिष्पादन संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है."
19. इस योजना के अंतर्गत सभी नियुक्तियां पूर्णतः बैंक के विवेकाधिकार पर होंगी तथा पदों के लिए स्वीकृत वेतनमान के प्रारंभिक स्तर पर की जाएंगी.
20. आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की हार्ड कॉपी बैंक को भेजने की आवश्यकता नहीं है.
21. कॉल लेटर/सूचना केवल ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी (कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी).
22. शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया के लिए बैंक द्वारा निर्धारित केंद्र/केन्द्रों पर बुलाया जाएगा.
23. अभ्यर्थियों के पास वैध ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर होना चाहिए जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए. इससे उन्हें ईमेल या मोबाइल पर एसएमएस द्वारा कॉल लेटर/भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सूचना आदि प्राप्त करने में सहायता मिलेगी.
24. बैंक किसी भी संचार की प्राप्ति में देरी या हानि के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है.
25. चयन होने की स्थिति में, अभ्यर्थियों को बैंक में नियुक्ति लेते समय नियोक्ता से उचित सेवामुक्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा.
26. अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले ही ऑनलाइन आवेदन कर दें तथा अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें, ताकि इंटरनेट पर अधिक लोड या वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग ऑन करने में अक्षमता/असफलता की संभावना से बचा जा सके. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया उपरोक्त कारणों या किसी अन्य कारण से जो बैंक के नियंत्रण से बाहर हो, ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि पर या उससे पहले अपने आवेदन जमा नहीं कर पाने वाले अभ्यर्थियों के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है.
27. खिलाड़ियों की नियुक्ति के बाद उनका मुख्य उत्तरदायित्व क्षेत्र (केआरए) उनको आवंटित भूमिका/पद के अनुसार होगा.
28. सिबिल (CIBIL): ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने बैंकों या गैर- बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के साथ किसी भी ऋण व्यवस्था के तहत क्रेडिट कार्ड बकाया सहित पुनर्भुगतान में चूक की है और बैंक द्वारा नियुक्ति प्रस्ताव जारी करने की तिथि तक अपने बकाया को नियमित नहीं किया/ चुकाया नहीं है, वे पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे. हालांकि,

ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने नियुक्ति प्रस्ताव जारी होने की दिनांक पर या उससे पूर्व ऐसे बकाया को नियमित कर लिया है/ चुकाया है, लेकिन उनकी सिबिल (CIBIL) स्थिति तब तक अपडेट नहीं हुई है, उन्हें ज्वाइनिंग की दिनांक पर या उससे पूर्व या तो सिबिल (CIBIL) स्थिति अपडेट करानी होगी या ऋणदाता से इस आशय का अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करना होगा कि सिबिल में प्रतिकूल दर्शाए गए खातों के संबंध में कोई बकाया नहीं है, ऐसा न करने पर उनका नियुक्ति पत्र वापस ले लिया जाएगा/ रद्द कर दिया जाएगा. अतः वे अभ्यर्थी जिनके नाम पर ऋण/क्रेडिट कार्ड बकाया के पुनर्भुगतान में चूक का रिकॉर्ड है और/या जिनके नाम पर सिबिल या अन्य बाहरी एजेंसियों की प्रतिकूल रिपोर्ट प्राप्त हुई है, वे नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे.

## खेल कोटा के तहत लिपिक संवर्ग में (ग्राहक सेवा सहयोगी) खिलाड़ियों की भर्ती के लिए आवेदन करने हेतु यहां क्लिक करें:

***https://ibpsonline.ibps.in/cbispjan25/***

**संभावित कार्यक्रम सारणी इस प्रकार है:**

| गतिविधि | संभावित तिथियां |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन में संशोधन/परिवर्तन | 21.02.2025 से 08.03.2025 |
| आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क -केवल ऑनलाइन माध्यम (गैर-वापसी योग्य) | 21.02.2025 से 08.03.2025<br>(₹100/- (जीएसटी सहित) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए.<br>₹ 750/- (जीएसटी सहित) अन्य सभी अभ्यर्थियों के लिए.) |
| ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करना | मार्च 2025 |
| ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन | मार्च/अप्रैल 2025 |
| ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम | अप्रैल 2025 |
| अनंतिम चयन | अप्रैल 2025 |

**अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से बैंक की अधिकृत वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in देखें.**

### 1. पद/पदनाम: ग्राहक सेवा सहयोगी.

### 2. रिक्तियों का विवरण:

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|
| ग्राहक सेवा सहयोगी | 5 |

### 3. जॉब प्रोफ़ाइल: -

लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों के सभी सामान्य और नियमित कार्यों का निष्पादन करना, जिसके लिए कोई विशेष वेतन देय नहीं होगा.

### 4. वेतनमान (₹ में) एवं परिवीक्षा:

ए. चयनित अभ्यर्थियों को द्विपक्षीय समझौते के अनुसार लिपिकीय संवर्ग में नीचे उल्लिखित वेतनमान के अंतर्गत रखा जाएगा-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24050 | 1340/3 | 28070 | 1650/3 | 33020 | 2000/4 | 41020 | 2340/7 |
| 57400 | 4400/1 | 61800 | 2680/1 | 64480 | (20 वर्ष) | | |

बी. मूल वेतन के अतिरिक्त, चयनित अभ्यर्थी को उद्योग-व्यापी लागू द्विपक्षीय समझौते और बैंक की नीतियों/नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, नगर प्रतिपूरक भत्ता, विशेष भत्ता, परिवहन भत्ता, विशेष वेतन, अवकाश किराया रियायत, अवकाश नकदीकरण, स्वयं और आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए समूह चिकित्सा बीमा, चिकित्सा सहायता, अनुग्रह राशि, परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना, स्टाफ ओवरड्राफ्ट सुविधा, गृह निर्माण ऋण, वाहन ऋण, समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, कर्मचारी कल्याण योजना आदि का लाभ मिलेगा.

## 5. पात्रता मानदंड:

**ए. राष्ट्रीयता/नागरिकता:**

आवेदक को निम्न में से एक होना चाहिए-

i. भारत का नागरिक, या
ii. नेपाल का नागरिक, या
iii. भूटान का नागरिक, या
iv. तिब्बती शरणार्थी, जो 1 जनवरी 1962 से पहले भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आया हो, या
v. भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से पाकिस्तान/बर्मा/श्रीलंका/पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या/युगांडा/संयुक्त गणराज्य तंजानिया (पूर्व में तंगानिका और जंजीबार)/जाम्बिया/मलावी/ज़ैरे/ इथियोपिया या वियतनाम से आया हो.

बशर्ते कि उपर्युक्त श्रेणी (ii)/(iii)/(iv) या (v) से संबंधित अभ्यर्थी वह व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में इस अधिसूचना की दिनांक से पूर्व भारत सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण पत्र जारी किया गया हो.

**बी. कट-ऑफ तिथि:** इस प्रक्रिया के लिए पात्रता मानदंड के प्रयोजन हेतु संभावित कट-ऑफ तिथि 31.03.2025 होगी.

**सी. आयु:-**

अभ्यर्थी की आयु 31.03.2025 को 20 वर्ष से 28 वर्ष के बीच होनी चाहिए.

ऊपरी आयु सीमा में श्रेणीवार छूट: -

| क्र. | श्रेणी | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य | कोई छूट नहीं |
| 2 | अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |
| 3 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 4 | "दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016" के तहत परिभाषित बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति | 10 वर्ष |

नोट: यह रियायत केवल उन खिलाड़ियों को उपलब्ध होगी जो अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित प्राधिकारी से निर्धारित प्रारूप में प्राप्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हैं.

उपरोक्त छूट केवल तभी उपलब्ध है जब अभ्यर्थी इस संबंध में भारत सरकार के आदेशों और निर्देशों में निर्धारित विभिन्न शर्तों को पूरा करते हैं. आयु में छूट का दावा करने के लिए, अभ्यर्थियों को परीक्षण/साक्षात्कार के समय आवश्यक/अपेक्षित प्रमाणपत्र की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी.

नोट: नियुक्ति के समय, अभ्यर्थी को सक्रिय खिलाड़ी होना चाहिए तथा भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पर्याप्त रूप से स्वस्थ एवं सक्षम होना चाहिए.

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग को प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी निम्नानुसार है (समय-समय पर भारत सरकार की अधिसूचना अनुसार): -

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए:

**(i)** जिला मजिस्ट्रेट / अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट / जिलाधिकारी / उप आयुक्त / अतिरिक्त उपायुक्त / डिप्टी जिलाधिकारी/ प्रथम श्रेणी के स्टाइपेंडियरी मजिस्ट्रेट/ नगर दण्डाधिकारी / अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी के स्टाइपेंडियरी मजिस्ट्रेट के पद या उससे ऊपर के अधिकारी)/ तालुका मजिस्ट्रेट /कार्यकारी मजिस्ट्रेट /अतिरिक्त सहायक आयुक्त (ii) मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट (iii) राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार के पद से नीचे न हों (iv) उस क्षेत्र का अनु-विभागीय अधिकारी जहां अभ्यर्थी और/या उसका परिवार सामान्यतः निवास करते हों.

**डी. शैक्षणिक योग्यता: -**

i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की उपाधि या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष योग्यता.

ii. कंप्यूटर साक्षरता: - कंप्यूटर सिस्टम में संचालन और कार्यसाधक ज्ञान अनिवार्य है, अर्थात अभ्यर्थियों के पास कंप्यूटर संचालन/कंप्यूटर भाषा में प्रमाण पत्र/डिप्लोमा/डिग्री होनी चाहिए, या हाई स्कूल/कॉलेज/संस्थान में कंप्यूटर/सूचना प्रौद्योगिकी विषय के रूप में पढ़ा हो.

**ई. खेल के आधार पर मानदंड: -** खेल के आधार पर नियुक्ति उन खिलाड़ियों की जा सकती है, जो निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले माने जाते हैं-

i. ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य या देश का प्रतिनिधित्व किया हो; या जूनियर नैशनल चैंपियनशिप में पदक विजेता हो; या खेलो इंडिया यूथ गेम्स (18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में पदक विजेता हो; या खेलो इंडिया विंटर गेम्स, या खेलो इंडिया पैरा गेम्स; या खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में पदक विजेता हो; या स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) में पदक विजेता हो.

ii. शतरंज के लिए: ग्रैंड मास्टर (जीएम) खिताब, इंटरनेशनल मास्टर (आईएम) खिताब, शतरंज ओलंपियाड. आईएम/जीएम खिताब ओपन कैटेगरी में होना चाहिए जैसे विमन ग्रैंडमास्टर (डब्ल्यूजीएम) आदि. नैशनल ओपन चैस चैंपियनशिप को भी नैशनल चैंपियनशिप के रूप में माना जाएगा, नैशनल टीम चैस चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले प्रदर्शन को भी भर्ती के योग्य माना जाएगा.

iii. ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने समय-समय पर संशोधित इन अनुदेशों में निर्दिष्ट किसी भी खेल में अंतर-विश्वविद्यालय खेल बोर्डों द्वारा आयोजित अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया हो.

iv. ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने इन अनुदेशों में उल्लिखित किसी भी खेल में ऑल इंडिया स्कूल गेम्स फेडरेशन द्वारा स्कूलों के लिए आयोजित राष्ट्रीय खेलों में स्टेट स्कूल टीमों का प्रतिनिधित्व किया हो.

v. खेल योग्यता/उपलब्धियों की पात्र वैध अवधि 01.04.2022 से 31.01.2025 के मध्य होनी चाहिए.

***ऐसी कोई भी नियुक्ति तब तक नहीं की जा सकती जब तक कि अभ्यर्थी, पद के लिए लागू भर्ती नियमों के तहत निर्धारित आयु, शैक्षणिक या अनुभव योग्यता के संबंध में, आवेदित पद पर नियुक्ति के लिए सभी तरह से पात्र न हो, सिवाय उस सीमा तक जिसके लिए आवेदक के वर्ग/श्रेणी के संबंध में छूट दी गई हो. (इस संबंध में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी दिशा- निर्देश; कार्यालय ज्ञापन संख्या डीओपीटी-1720781414772 दिनांक 04.03.2024 के अनुसार).**

## 6. चयन प्रक्रिया:

खिलाड़ियों का चयन अलग-अलग भारांक के साथ दो चरणों में किया जाएगा.
**चरणवार वेटेज/अंकों के आवंटन की संरचना निम्नानुसार है:**

| क्रमांक | विवरण | अंकों का वेटेज / आवंटन |
|---|---|---|
| चरण 1 | खेल प्रवीणता | 50 |
| चरण 2 | ऑनलाइन लिखित परीक्षा | 50 |
| | कुल | 100 |

**चरण I-**

**ए. खेल प्रवीणता (50 अंक): -**

आवेदक द्वारा खेले गए टूर्नामेंट/प्रतियोगिता के स्तर के आधार पर, जो कि उपयुक्त प्राधिकरण द्वारा जारी प्रमाण पत्र द्वारा समर्थित हो, उन्हें निम्नलिखित क्रम में प्रवीणता अंक आवंटित किए जाएंगे.

| क्रम | प्रतियोगिता स्तर | अंक |
|---|---|---|
| 1 | वे अभ्यर्थी जिन्होंने किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो | 50 |
| 2 | वे अभ्यर्थी जिन्होंने खेल विभाग, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा आयोजित सीनियर या जूनियर स्तर की राष्ट्रीय चैंपियनशिप या भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेलों में राज्य/संघ शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया हो और पदक जीते हों या प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किया हो, पात्र होंगे. इसके अतिरिक्त सीनियर और जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप/खेलों में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों में से, सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले और पदक जीतने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी. | 45 |
| 3 | वे अभ्यर्थी, जिन्होंने भारतीय विश्वविद्यालय संघ/अंतर विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा आयोजित अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता या खेल विभाग, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के प्राधिकरण से आयोजित खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया हो और पदक जीते हों या फाइनल में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किया हो, पात्र होंगे. | 40 |
| 4 | वे अभ्यर्थी जिन्होंने खेल विभाग, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के प्राधिकरण से आयोजित खेलो इंडिया युवा खेलों (आयु वर्ग 18 वर्ष से अधिक) या खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों या खेलो इंडिया पैरा खेलों में अपने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया हो और पदक जीते हों या फाइनल में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किया हो. | 35 |
| 5 | वे अभ्यर्थी जिन्होंने अखिल भारतीय स्कूल खेल महासंघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल/स्कूलों के लिए खेलों में राज्य के स्कूलों का प्रतिनिधित्व किया हो और पदक जीते हों या प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किया हो. | 30 |
| 6 | वे अभ्यर्थी जिन्होंने (बी) से (ई) श्रेणियों में उल्लिखित स्तर पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/विश्वविद्यालय/राज्य स्कूल टीमों का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन पदक या स्थान नहीं जीत सके, वे इस क्रम में प्राथमिकता के साथ पात्र माने जाएंगे. | 25 |

**बी. खेल योग्यता प्रमाण पत्र जारी करने हेतु सक्षम प्राधिकारियों की सूची: -**

| क्रम | प्रतियोगिता | प्रमाण पत्र प्रदान करने वाला प्राधिकारी |
|---|---|---|
| 1 | अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता | संबंधित खेल के राष्ट्रीय महासंघ के सचिव |
| 2 | राष्ट्रीय प्रतियोगिता | संबंधित खेल के राष्ट्रीय महासंघ या राज्य संघ का सचिव. |
| 3 | अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंट | संबंधित विश्वविद्यालय के खेल डीन या खेलों के प्रभारी अधिकारी |
| 4 | राष्ट्रीय/ खेल/ स्कूलों के लिए खेल | राज्य के लोक शिक्षण/शिक्षा निदेशालय में विद्यालयों के लिए खेल/खेलों के समग्र प्रभारी निदेशक या अपर/संयुक्त या उप निदेशक |
| 5 | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स/ खेलो इंडिया यूथ गेम्स/ खेलो इंडिया विंटर गेम्स/ खेलो इंडिया पैरा गेम्स | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी/खेलो इंडिया यूथ गेम्स/खेलो इंडिया विंटर गेम्स/खेलो इंडिया पैरा गेम्स के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) से नामित अधिकारी/प्रभारी अधिकारी |

**सी. बैंक में खिलाड़ियों की भर्ती के लिए मान्य खेल: -**

**65 निर्दिष्ट खेलों में से, (भारत सरकार में खिलाड़ियों की भर्ती/पदोन्नति पर डीओपीटी के दिनांक 04.03.2024 के कार्यालय ज्ञापन संख्या डीओपीटी-1720781414772 के अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के तहत निर्दिष्ट) बैंक 12 खेलों अर्थात तीरंदाजी, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, शतरंज, साइकिलिंग, जिमनास्टिक, पावरलिफ्टिंग, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, कुश्ती के अंतर्गत भर्ती का प्रस्ताव करता है.**

**चरण-II: -**

**ऑनलाइन लिखित परीक्षा: - ऑनलाइन आयोजित की जाने वाली परीक्षा की प्रक्रिया इस प्रकार है:**

| विषय | पूर्णांक | अवधि |
|---|---|---|
| अंग्रेजी | 15 | 60 मिनट |
| कंप्यूटर | 15 | |
| सामान्य खेल जागरूकता | 20 | |
| कुल | 50 | |

** यह परीक्षा वर्तमान नीति के अनुसार 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जाएगी.

- ❖ अभ्यर्थियों को सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक द्वारा तय किए जाने वाले कट-ऑफ अंक प्राप्त करके उपरोक्त तीनों परीक्षाओं में से प्रत्येक में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा. उपलब्ध रिक्तियों/पदों के संबंध में पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थियों का अनंतिम रूप से चयन किया जाएगा, बशर्ते कि वे बैंक द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों की पूर्ति करें.
- ❖ **मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची खेल दक्षता और ऑनलाइन लिखित परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी.
- ❖ उपरोक्त मूल्यांकन मापदंडों के अनुसार चयन के लिए कुल अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी. इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकारा नहीं जाएगा.
- ❖ यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों के कट-ऑफ अंक (कट-ऑफ बिंदु पर सामान्य अंक) समान होते, तो ऐसे अभ्यर्थियों को उनकी खेल उपलब्धियों के आधार पर वरीयता दी जाएगी.
- ❖ हालाँकि, अंतिम मेरिट सूची में भी अभ्यर्थियों के बीच टाइ की स्थिति में, कम आयु वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी.
- ❖ **वस्तुनिष्ठ परीक्षणों में गलत उत्तरों के लिए दण्ड लागू होगा. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न के निर्धारित अंकों का एक चौथाई या 0.25 अंक दंड के रूप में काट लिया जाएगा. यदि कोई प्रश्न खाली छोड़ दिया जाता है, अर्थात अभ्यर्थी द्वारा कोई उत्तर चिह्नित नहीं किया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं लगेगा.**

**नोट**:

ए. मूल्यांकन मापदंडों को बैंक द्वारा किसी भी समय आवश्यकतानुसार परिवर्तित/संशोधित किया जा सकता है.

बी. खिलाड़ियों की सक्रियता का आकलन करने के लिए, यदि आवश्यक हो तो चयन प्रक्रिया में ट्रायल को शामिल किया जा सकता है.

सी. अनंतिम मेरिट/चयन सूची अधिसूचित रिक्तियों की संख्या के अनुसार तैयार की जाएगी तथा इसे केवल ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दी गई जानकारी के आधार पर ही तैयार किया जाएगा और किसी अन्य माध्यम से कोई अतिरिक्त जानकारी स्वीकार नहीं की जाएगी. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे खेलों में अपनी उच्चतम भागीदारी/उपलब्धि प्रस्तुत करें. उदाहरण के लिए, यदि किसी अभ्यर्थी ने अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय दोनों प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की है, तो उसे पहले ऐसे सभी अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों का विवरण प्रस्तुत करना चाहिए. इसके पश्चात, अन्य उपलब्धियों/घटनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जानी चाहिए.

डी. चूंकि भर्ती खेल योग्यता के आधार पर हो रही है, इसलिए खेल में उच्चतम भागीदारी/उपलब्धि के साथ-साथ अभ्यर्थियों की आयु को अधिकतम महत्व दिया जाएगा. नियुक्ति के समय, अभ्यर्थी को एक सक्रिय खिलाड़ी होना चाहिए और भविष्य के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पर्याप्त रूप से फिट होना चाहिए.

**ऑनलाइन परीक्षा हेतु कॉल लेटर:** ऑनलाइन परीक्षा के लिए सूचना/ कॉल लेटर सिर्फ ईमेल द्वारा भेजा जाएगा. कोई हार्ड कॉपी प्रेषित नहीं की जाएगी.

**चरित्र सत्यापन, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण:** खिलाड़ियों हेतु भर्ती किए गए अभ्यर्थियों के लिए चरित्र सत्यापन, दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा परीक्षण बैंक की वर्तमान भर्ती नीति के अनुसार आयोजित किए जाएंगे.

## 7. आवेदन प्रक्रिया:

अभ्यर्थियों के पास वैध ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर होना चाहिए जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए. इससे उन्हें ईमेल या मोबाइल पर एसएमएस द्वारा कॉल लेटर/भर्ती प्रक्रिया संबंधी सूचना आदि प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

**ए. ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु दिशानिर्देश:**

1. अभ्यर्थियों को बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा तथा इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा.
2. अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम अपनी नवीनतम फोटो तथा हस्ताक्षर स्कैन करने होंगे. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि अभ्यर्थी ऑनलाइन पंजीकरण पृष्ठ पर निर्दिष्ट अनुसार अपनी फोटो तथा हस्ताक्षर अपलोड नहीं करता ('दस्तावेज़ कैसे अपलोड करें' के अंतर्गत).
3. अभ्यर्थियों को आवेदन सावधानीपूर्वक भरना चाहिए. आवेदन पूरा भर जाने के बाद, अभ्यर्थी को उसे सबमिट कर देना चाहिए. यदि अभ्यर्थी एक बार में आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से भरी गई जानकारी को सेव कर सकता है. जब जानकारी/आवेदन सेव हो जाता है, तो सिस्टम द्वारा एक प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड जनरेट होगा जो स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड को नोट कर लेना चाहिए. वे रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड का उपयोग करके सेव किए गए आवेदन को फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो, तो विवरण संपादित कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को संपादित करने की यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध होगी. एक बार आवेदन पूरी तरह से भर जाने के बाद, अभ्यर्थी को इसे सबमिट करना होगा एवं शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा.
4. अभ्यर्थियों को ये सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन पंजीकरण के पश्चात, सिस्टम द्वारा जनरेटेड ऑनलाइन आवेदन फार्म का प्रिंटआउट लें .

**(बी) शुल्क भुगतान के दिशानिर्देश:**

1. आवेदन शुल्क एवं सूचना शुल्क (गैर-वापसी योग्य) सामान्य/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/ अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु ₹750/- (केवल सात सौ पचास रुपये मात्र) तथा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांगजनों हेतु ₹100/- (केवल एक सौ रुपये मात्र) होगा.
2. आवेदन पत्र में विवरण की सत्यता सुनिश्चित करने के बाद, अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई बदलाव/ संशोधन की अनुमति नहीं होगी.
3. शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा. भुगतान डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग आदि का उपयोग करके स्क्रीन पर पूछी गई जानकारी प्रदान करके किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान के लिए लेनदेन शुल्क, यदि कोई हो, अभ्यर्थियों द्वारा वहन किया जाएगा.
4. लेनदेन के सफल प्रक्रिया के बाद, एक ई-रसीद और आवेदन पत्र जनरेट होगा, जिसमें आवेदन की तिथि अंकित होगी, जिसे अभ्यर्थी को प्रिंट करके अपने पास रखना होगा.
5. यदि ऑनलाइन शुल्क भुगतान प्रथम बार में सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुनः ऑनलाइन भुगतान करने का प्रयास करें.
6. अभ्यर्थी भविष्य में किसा भी समय शुल्क विवरण सहित ई-रसीद एवं आवेदन पत्र को पुनः मुद्रित कर सकते हैं.
7. एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे भविष्य में किसी अन्य परीक्षा अथवा चयन हेतु समायोजित किया जा सकता है.

## 8. <u>दस्तावेज़ सत्यापन (जैसा लागू हो):</u>

अभ्यर्थी की योग्यता और पहचान के प्रमाणीकरण हेतु निम्नलिखित दस्तावेज़ मूल रूप में तथा उनकी **<u>स्व-प्रमाणित प्रतिलिपि</u>** अनिवार्य रूप से जॉइनिंग/दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत किए जाने चाहिए. जॉइनिंग/दस्तावेज सत्यापन के समय अभ्यर्थी द्वारा अपेक्षित दस्तावेज़ प्रस्तुत न किए जाने पर उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

1. खेल कोटे के अंतर्गत लिपिकीय संवर्ग (ग्राहक सेवा सहयोगी के रूप में) में खिलाड़ियों की भर्ती हेतु पंजीकृत ऑनलाइन आवेदन पत्र का सिस्टम द्वारा जनरेटेड वैध प्रिंटआउट.

बी. जन्म तिथि का प्रमाण (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र या एसएससी/कक्षा दसवीं का प्रमाण पत्र, जन्म तिथि सहित).

सी. अधिसूचना के उपरोक्त बिन्दु में दर्शाए अनुसार फोटो पहचान प्रमाण.

डी. एसएससी/10वीं पास/या समकक्ष योग्यता आदि के लिए मार्कशीट और प्रमाण पत्र. दिनांक 31.03.2025 को या उससे पहले परिणाम घोषित होने का बोर्ड/विश्वविद्यालय से उचित दस्तावेज प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा.

ई. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के मामले में भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र (जहां लागू हो, जाति वैधता प्रमाण पत्र के साथ).

एफ. खेल का योग्यता प्रमाणपत्र

**जी. अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी जो क्रीमी लेयर के अंतर्गत आते हैं और/या यदि उनकी जाति केंद्रीय सूची में नहीं आती है तो वे ओबीसी आरक्षण के लिए पात्र नहीं हैं. उन्हें ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपनी श्रेणी सामान्य दर्शानी चाहिए.**

एच. ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु निर्धारित प्रारूप में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किसी भी प्राधिकरण द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र.

आई. बेंचमार्क दिव्यांग श्रेणी वाले व्यक्तियों हेतु जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाण पत्र

जे. आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2 (एस) में परिभाषित लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2 (आर) की परिभाषा के अंतर्गत न आने वाले निर्दिष्ट दिव्यांगता वाले व्यक्तियों, अर्थात 40% से कम दिव्यांगता वाले एवं लिखने में कठिनाई वाले व्यक्ति हेतु इस संबंध का सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र कि संबंधित व्यक्ति को लिखने में कठिनाई है तथा उसकी ओर से परीक्षा के लिए लेखक आवश्यक है,

के. यदि अभ्यर्थी ने ऑनलाइन परीक्षा के समय किसी लेखक की सेवाएं ली हैं तो उसे निर्धारित प्रारूप में लेखक का पूरा विवरण उपलब्ध कराना होगा.

एल. सरकारी/ अर्ध-सरकारी कार्यालयों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (राष्ट्रीयकृत बैंक एवं वित्तीय संस्थानों सहित) में सेवारत अभ्यर्थी को जॉइनिंग/ दस्तावेज सत्यापन के समय अपने नियोक्ता से मूल रूप में "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसके अभाव में उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और यात्रा व्यय, यदि कोई हो, का भुगतान नहीं किया जाएगा.

एम. पात्रता के संबंध में कोई अन्य प्रासंगिक दस्तावेज़.

**नोट: -**

1. यदि अभ्यर्थी उपर्युक्त वर्णित प्रासंगिक पात्रता दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो उसे बैंक में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.
2. जॉइनिंग/ दस्तावेज सत्यापन के समय प्रासंगिक पात्रता दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर अभ्यर्थी को भर्ती की आगे की प्रक्रिया के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.
3. अभ्यर्थियों द्वारा कोई भी दस्तावेज सीधे बैंक को नहीं भेजा जाएगा.

## 9. दस्तावेज़ अपलोड कैसे करें:

**ए. अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ों का विवरण:**

1. नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर (कैपीटल लैटर में नहीं)
2. विस्तृत बायोडाटा (पीडीएफ)
3. बाएं अंगूठे का निशान
4. जाति प्रमाण पत्र, (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
5. शैक्षणिक प्रमाण पत्र: उचित अंकसूची/डिग्री प्रमाण पत्र (पीडीएफ)
6. खेल संबंधी प्रमाण पत्र (पीडीएफ)
7. हस्तलिखित घोषणा पत्र

**बी. फोटोग्राफ फ़ाइल का प्रकार/आकार:**

1. नवीनतम पासपोर्ट स्टाइल रंगीन फोटोग्राफ होना चाहिए.
2. फ़ाइल का आकार 20 केबी से 50 केबी के मध्य होना चाहिए और आयाम 200 x 230 पिक्सेल (अधिमान्य) होना चाहिए.
3. सुनिश्चित करें कि फोटोग्राफ रंगीन हो, तथा हल्के रंग, अधिमानतः सफेद, पृष्ठभूमि पर लिया गया हो.
4. चेहरे को कैमरे की ओर रखते हुए आरामदायक मुद्रा में होना चाहिए.
5. यदि फोटोग्राफ दोपहर में ली गई है, तो सूरज आपके पीछे हो, या आप स्वयं छाया में हों, जिससे फोटोग्राफ लेते समय आपकी आंखें बंद न हों और कोई छाया न हो.
6. यदि आप फ्लैश का उपयोग करते हैं, तो सुनिश्चित करें कि "रैड आई प्रभाव" न हों.
7. यदि आप चश्मा पहनते हैं तो सुनिश्चित करें कि कोई प्रतिबिंब न हो और आपकी आंखें स्पष्ट रूप से दिखाई दें.
8. टोपी, हैट और काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक टोपी पहनने की अनुमति है, लेकिन यह आपके चेहरे को नहीं ढकना चाहिए.
9. सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई छवि का आकार 50 केबी से अधिक न हो. यदि फ़ाइल का आकार 50 केबी से अधिक है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग जैसे डीपीआई रिज़ॉल्यूशन, रंगों की संख्या आदि को समायोजित करें.

**सी. हस्ताक्षर फ़ाइल का प्रकार/आकार:**

1. आवेदक को सफेद कागज पर काली स्याही वाले पेन से हस्ताक्षर करना होगा.
2. हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा ही किया जाना चाहिए, किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नहीं.
3. हस्ताक्षर कॉल लेटर पर तथा जहां भी आवश्यक हो, किए जाएंगे.
4. फ़ाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के मध्य और आयाम 140 x 60 पिक्सेल (अधिमान्य) होना चाहिए.
5. सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई छवि का आकार 20 केबी से अधिक न हो.
6. कैपीटल लैटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार नहीं किए जाएंगे.
7. फ़ाइल पर क्लिक करके उसे चुनें और 'अपलोड' बटन पर क्लिक करें.

**डी. दस्तावेज़ फ़ाइल का प्रकार/आकार:**

1. सभी दस्तावेज़ पीडीएफ़ में होने चाहिए
2. दस्तावेज़ का पृष्ठ आकार ए4 होना चाहिए
3. फ़ाइल का आकार 500 केबी से अधिक नहीं होना चाहिए.
4. यदि दस्तावेज़ स्कैन किया जा रहा है, तो कृपया सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सहेजा जाए और इसका आकार पीडीएफ के रूप में 500 केबी से अधिक न हो. यदि फ़ाइल का आकार 500 केबी से अधिक है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग जैसे डीपीआई रिज़ॉल्यूशन, रंगों की संख्या आदि को समायोजित करें. कृपया सुनिश्चित करें कि अपलोड किए गए दस्तावेज़ स्पष्ट और पढ़ने योग्य हों.

**ई. फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/दस्तावेजों की स्कैनिंग के लिए दिशानिर्देश:**

1. स्कैनर रिज़ॉल्यूशन को न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इंच) पर सेट करें.
2. रंग सेटिंग को ट्रू कलर पर सेट करें.
3. स्कैनर में छवि को फोटोग्राफ/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करें, फिर छवि को अंतिम आकार में क्रॉप करने के लिए अपलोड एडिटर का उपयोग करें (उपर्युक्त निर्दिष्ट अनुसार).
4. फोटो/हस्ताक्षर फ़ाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में होने चाहिए (अर्थात फ़ाइल का नाम इस प्रकार होना चाहिए: image01.jpg या image01.jpeg)
5. छवि के आयामों की जांच फ़ोल्डर/फ़ाइलों को सूचीबद्ध करके या फ़ाइल छवि आइकन पर माउस ले जाकर की जा सकती है.
6. माइक्रोसॉफ्ट विंडो/माइक्रोसॉफ्ड ऑफिस का उपयोग करने वाले अभ्यर्थी माइक्रोसॉफ्ट पेन्ट या माइक्रोसॉफ्ड ऑफिस पिक्चर मैनेजर का उपयोग करके आसानी से .jpeg प्रारूप में फोटो और हस्ताक्षर प्राप्त कर सकते हैं, जो क्रमशः 50

| | |
|---|---|
| केबी और 20 केबी से अधिक नहीं होना चाहिए. किसी भी प्रारूप में स्कैन की गई फोटो और हस्ताक्षर को फ़ाइल मेनू में 'सेव ऐज' विकल्प का उपयोग करके .jpg प्रारूप में सहेजा जा सकता है. 'इमेज' मेनू में क्रॉप एवं रीसाइज विकल्प (कृपया पिक्सेल आकार के लिए ऊपर बिंदु (i) और (ii) देखें) का उपयोग करके फ़ाइल का आकार 50 केबी (फोटोग्राफ) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है. इसी तरह के विकल्प दूसरे फोटो एडिटर में भी उपलब्ध हैं.<br>7. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थी को अपना फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए एक लिंक प्रदान किया जाएगा.<br>**एफ. दस्तावेज़ अपलोड करने की प्रक्रिया:**<br>1. प्रत्येक दस्तावेज़ अपलोड करने के लिए अलग-अलग लिंक होंगी.<br>2. संबंधित लिंक "अपलोड" पर क्लिक करें. | 3. उस स्थान को ब्राउज़ करें व चुनें जहां JPG या JEPG, PDF, DOC या DOCX फ़ाइल सहेजी गई हैं.<br>आवेदन जमा करने से पहले दस्तावेज़ अपलोड हो गया है और ठीक से एक्सेस किया जा रहा है, इसकी पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू पर क्लिक करें. यदि फ़ाइल का आकार और प्रारूप निर्धारित अनुसार नहीं है, तो एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा.<br>4. एक बार अपलोड/सबमिट होने के बाद, अपलोड किए गए दस्तावेज़ों को संपादित/परिवर्तित नहीं किया जा सकता है.<br>5. ऑनलाइन आवेदन पत्र में फोटोग्राफ/हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद अभ्यर्थियों को यह जांच कर लेनी चाहिए कि इमेज स्पष्ट हैं और सही तरीके से अपलोड की गई हैं. यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहे हैं, तो अभ्यर्थी फॉर्म जमा करने से पहले अपने आवेदन को संपादित कर सकते हैं और अपनी फोटोग्राफ या हस्ताक्षर को फिर से अपलोड कर सकते हैं. यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर में चेहरा स्पष्ट नहीं है तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है. |

## 10. सामान्य निर्देश

ए. यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि आवेदक पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य (जैसे डोपिंग का पता चलना) छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएँ तत्काल समाप्त की जा सकती हैं.

बी. खेल नियामक प्राधिकरणों के निर्णय के अनुसार, डोपिंग का दोषी पाया गया कोई भी आवेदक भर्ती प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

सी. डोपिंग उल्लंघन से संबंधित जांच के दायरे में आने वाले या प्रतिबंध का सामना कर रहे अभ्यर्थियों को इस पद के लिए योग्य नहीं माना जाएगा.

डी. आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन निर्धारित प्रारूप के अनुसार हो तथा उचित रूप से और पूर्ण रूप से भरा गया हो.

ई. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार उसके चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ घोषित किए जाने के अधीन है. ऐसी नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो नियुक्ति के समय प्रभावी होंगे.

एफ. पात्रता, ऑनलाइन परीक्षा के संचालन, अन्य परीक्षाओं और चयन से संबंधित सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में बैंक द्वारा कोई अभ्यावेदन या पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा.

जी. इस विज्ञापन और/या इससे उत्पन्न में किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही की जाएगी और मुंबई के न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/फोरमों को ही ऐसे किसी भी मामले/विवाद पर विचार करने का एकमात्र विशेषाधिकार होगा.

एच. भर्ती प्रक्रिया के समय, अभ्यर्थी को उसके विरूद्ध लंबित आपराधिक मामले(ओं) के बारे में विवरण प्रदान करना होगा. बैंक स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है, जिसमें पुलिस रिकॉर्ड आदि का सत्यापन शामिल है. बैंक ऐसे खुलासे और/या स्वतंत्र सत्यापन के आधार पर नियुक्ति को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. किसी भी लंबित आपराधिक मामले को दबाने की स्थिति में, अधिकारी की नियुक्ति के बाद भी उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है.

आई. बैंक किसी भी चरण/समय पर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह या आंशिक रूप से रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

जे. हस्तलिखित घोषणापत्र के लिए पाठ निम्नानुसार है-

*"मैं, ___________ (अभ्यर्थी का नाम), एतद्वारा घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा प्रदत्त संपूर्ण जानकारी सही, सत्य एवं वैध है. आवश्यकता होने पर मैं इसके समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करूंगा/करूंगी."*

## 11. घोषणाएं

इस प्रक्रिया से संबंधित आगे की सभी घोषणाएं/विवरण समय-समय पर केवल बैंक की अधिकृत वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर प्रकाशित/प्रदान किए जाएंगे.

## 12. अस्वीकरण

चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थी द्वारा गलत जानकारी प्रदान करने और/या प्रक्रिया का उल्लंघन करने का मामला सामने आने पर अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा तथा उसे भविष्य में किसी भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी. यदि मौजूदा चयन प्रक्रिया के दौरान ऐसी अनियमितताओं का पता नहीं चल पाता है, लेकिन बाद में पता चलता है, तो उसकी अयोग्यता पूर्व प्रभाव से लागू होगी. भर्ती प्रक्रिया के संबंध में बैंक द्वारा दिए गए/दिए जाने वाले स्पष्टीकरण/निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होंगे.

**मुंबई** **महाप्रबंधक - मासंप्र**

**दिनांक: 13.02.2025**